## एक नजर

### 17 वर्षीय बिंदिया की कुएं में डूबने से मौत



**मनासा।** मंगलवार सुबह कुकड़ेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम मोकड़ी में उस समय हृदय विदारक हादसा हो गया जब 17 वर्षीय बिंदिया पिता राधेश्याम बंजारा की कुएं में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बिंदिया सुबह घर के काम के लिए निकली थी, इसी दौरान वह अचानक कुएं में गिर गई। आसपास मौजूद लोगों ने जब शोर सुना तो वे मौके पर पहुंचे और बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही कुकड़ेश्वर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला गया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मनासा अस्पताल भेजा। प्रारंभिक जांच के अनुसार यह हादसा दुर्घटनावश डूबने का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामवासियों ने बताया कि बिंदिया मिलनसार और हंसमुख स्वभाव की बालिका थी। उसकी असमय मृत्यु से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे मोकड़ी गांव में सन्नाटा पसर गया है।

### धानुका फैक्ट्री के समीप अज्ञात वाहन ने मारी शैलेन को टक्कर

**नीमच।** जेतपुरा हाईवे पर चौधरी वेयरहाउस के सामने स्थित धानुका फैक्ट्री के पास सोमवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान शैलेन पिता सुनील पाटीदार निवासी हर्कियाखाल (गणेश नगर), जिला नीमच (मध्य प्रदेश) के रूप में हुई है। युवक के पास मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त की गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई। फिलहाल दुर्घटना के कारणों की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

### नीमच सिटी में शरद पूर्णिमा पर मशाल जुलूस



**नीमच।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार रात नीमच सिटी में पारंपरिक मशाल जुलूस का आयोजन किया गया। यह जुलूस रावण रुंडी में रावण दहन के तुरंत बाद निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मशाल जुलूस रात लगभग 10 बजे प्रताप चौक स्थित नृसिंग मंदिर से शुरू हुआ और नयाबाजार, ग्वालमोहल्ला, पिपली चौक, मोची मोहल्ला, जूना बाजार, कचहरी और कोर्ट मोहल्ला जैसे प्रमुख मार्गों से होकर वापस नृसिंग मंदिर पर समाप्त हुआ। जुलूस मार्ग पर लोगों ने स्वेच्छा से अपने घरों और दुकानों की लाइटें बंद कर दी थीं, जिससे अंधेरे में मशालों की रोशनी ने एक अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया। जुलूस में सबसे आगे पुलिस वाहन और अधिकारी सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए चल रहे थे। उनके पीछे भारी संख्या में युवा हाथों में मशाल लिए पारंपरिक नारेबाजी करते हुए जोश के साथ आगे बढ़ रहे थे। जुलूस के पीछे भी बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात था, जिससे पूरी व्यवस्था चाक-चौबंद रही। इस दौरान एसडीएम संजीव साहू, सीएसपी किरण चौहान, तहसीलदार, नीमच सिटी थाना प्रभारी विकास पटेल और बघाना थाना प्रभारी निलेश अवस्थी सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मुस्तैद रहे। उनकी सक्रिय उपस्थिति में यह पारंपरिक आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### वाहन मालिकों से अपील, जल्द लगवाएँ एचएसआरपी

**मंदसौर।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र यादव द्वारा बताया गया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले के सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) अनिवार्य कर दी गई है। जिन वाहनों पर एचएसआरपी नहीं होगी, उन्हें कई प्रकार की परिवहन सेवाओं से वंचित रहना पड़ेगा। 1 अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत सभी वाहनों पर एचएसआरपी लगवाना आवश्यक है। इसके बाद पंजीकृत वाहनों में यह प्लेट पहले से अनिवार्य कर दी गई है। यदि वाहन मालिक निर्धारित समयावधि में अपने वाहनों पर एचएसआरपी नहीं लगवाते हैं तो संबंधित शो-रूम डीलर का ट्रेड लाइसेंस निरस्त किया जा सकता है। डुप्लीकेट पंजीकरण प्रमाण पत्र (आरसी) के लिए आवेदन, पंजीकरण प्रमाण पत्र में पता परिवर्तन, शुल्क देकर आरसी विवरण देखना, मोटर वाहन के स्वामित्व में परिवर्तन, हाइपोथिकेशन जोड़ना/हटाना, अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करना, परमिट का नवीनीकरण, वाहन का पंजीयन निरस्त करना, वाहन के ऋण/अर्थिक अनुज्ञप्ति जारी करना, फिटनेस प्रमाणपत्र जारी करना।

### हम्माली कार्य हेतु 15 अक्टूबर तक करें आवेदन

**मंदसौर।** कृषि उपज मण्डी समिति मंदसौर के सचिव ने बताया कि मण्डी प्रांगण में किसानों द्वारा विक्रय हेतु लाई गई कृषि उपज की उतराई, भराई, तुलाई आदि कार्यों के लिए हम्मालों की आवश्यकता है। इस कार्य हेतु इच्छुक एवं मध्यप्रदेश के मूल निवासी व्यक्ति एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। साथ ही कार्यालयीन समय में कृषि उपज मण्डी समिति, मंदसौर में सीधे भी आवेदन 15 अक्टूबर 2025 तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं। समिति द्वारा हम्माली कार्य हेतु अनुज्ञप्ति कार्य की आवश्यकतानुसार ꠰पहले आओ, पहले पाओ꠰ के आधार पर दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए कृषि उपज मण्डी समिति, मंदसौर से संपर्क किया जा सकता है।

### अ.भा. साहित्य परिषद की शरद काव्य गोष्ठी



**मंदसौर।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद की शरद काव्य गोष्ठी शिक्षाविद् रमेशचन्द्र चन्द्रे के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुई। विशेष अतिथि मानमल जैन, कवि राजेन्द्र तिवारी सहित नगर के अनेक साहित्यकार, कवि व संगीतप्रेमी इस अवसर पर उपस्थित रहे। श्री चन्द्रे ने कहा कि परिषद साहित्यकारों को एक मंच पर लाकर देशहित के नैरेटिव के निर्माण में योगदान दे रही है। अध्यक्ष नरेन्द्र भावसार ने 'वोकल फॉर लोकल' का संदेश देते हुए स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने की अपील की।

# युवाओं के संकल्प से हुआ राम तलाई का शुद्धिकरण, नगर परिषदों ने किया सौंदर्यीकरण

- कभी गंदगी से पटा हुआ क्षेत्र वर्तमान में परिवार के साथ घूमने का शानदार स्पॉट

**मनासा। पर्यावरण दिवस का वह दिन जो मनासा के इतिहास में युवाओं की संकल्प शक्ति के रूप में दर्ज हो गया। देव प्रतिमाओं को राम तलाई के गंदे पानी में नहलाते देख युवाओं ने तलाई की शुद्धिकरण का संकल्प लिया और अपने संकल्प को साकार कर दिया। नगर परिषद ने भी इस हाथों-हाथ लिया और रामतलाई सौंदरीकरण की योजना पर काम शुरू कर उसे अंजाम दे दिया।**

डोल ग्यारस पर मनासा में मंदिरों से भगवान के बेवाण निकाले जाते हैं। बेवाण का चल समारोह मंदसौर रोड स्थित राम तलाई पर पहुंचता है जहां तलाई के पानी में देव प्रतिमाओं को स्नान कराया जाता है। 2014 के पहले राम तलाई गंदगी, कटीली झाड़ियां से घिरी हुई थी और लोग शौच करने जाया करते थे। ऐसे गंदे पानी में देव प्रतिमाओं को स्नान करते देख नगर के कुछ युवाओं ने तलाई की शुद्धिकरण का संकल्प लिया। बाकायदा रामतलाई शुद्धिकरण समिति का गठन किया गया और तलाई की सफाई की योजना बनाई गई। समिति में सूरज अडावदिया, विवेक सोनी, आनंद मानावत, हरीश एनिया, मनीष गुजराती, नंदकिशोर चंडावला, संदीप काबरा, विष्णु कुशवाह, राहुल, लोकेश सिंधवानी, मधुसूदन मूंगड,मुकेश पुरोहित, मंगलेश, वीरेंद्र सिंह शक्तावत आदि के साथ कई युवाओं ने राम तलाई शुद्धिकरण के लिए श्रमदान करना शुरू किया। रोजाना सुबह 2 से 3 घंटे राम तलाई की सफाई के लिए दिए। युवाओं को सफाई करते देखा शहर के कई गणमान्य नागरिकों ने भी श्रमदान में सहयोग देना शुरू किया। समिति ने तत्कालीन नगर परिषद अध्यक्ष नीलिमा नरेंद्र मारू के सामने रामतलाई सौंदरीकरण की योजना रखी। नगर परिषद ने राम तलाई सफाई में अपना पूर्ण सहयोग दिया और तलाई के सौंदर्यीकरण की योजना पर काम करना शुरू किया। राम तलाई का ड्राइंग डिजाइन तैयार किया गया और तलाई के लिए बजट प्रस्तावित किया गया। प्रथम चरण में करीब एक करोड़ की लागत से राम तलाई की रिंगवाल निर्माण, घाट निर्माण और तलाई के गहरीकरण का कार्य शुरू किया गया। नगर परिषद में दूसरे चरण में करीब डेढ़ करोड़ की योजना बनाई जिसमें तलाई में फाउंटेन लगाना, तलाई के चारों तरफ जालियां लगाना, पावर ब्लाग लगाने के साथ ही तलाई पर गार्डन विकसित करना और रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था की योजना बनाई। योजना पर काम चल ही रहा था इस बीच नगर परिषद के चुनाव हुए और परिषद के बागडोर यशवंत सोनी के हाथ में चली गई। यशवंत सोनी ने तलाई के कार्य को बखूबी आगे बढ़ाया और सौंदरीकरण को अंजाम दिया। इसके बाद वर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष डॉक्टर सीमा अजय तिवारी ने तलाई के सौंदरीकरण की योजना को पूरा किया और वर्तमान में और अधिक सुविधा देने का काम किया जा रहा है। जिसमें ओपन जिम, नये किस्म के पौधे, लाइट फाउंटेन, बैठक व्यवस्था प्रमुख है।



### सफाई के समय निकले थे सांप- बिच्छू

रामतलाई शुद्धिकरण समिति ने बताया कि 5 जून 2014 को जब समिति के सदस्य सफाई करने के लिए तलाई में उतरे झाड़ियां से कई साथ बिच्छू निकले। कई बार तो सफाई करते समय सांप पास से निकल गए या पानी में सफाई करते समय सांप सामने आ गए। समिति के सदस्यों ने महीना तक रोजाना श्रमदान किया और तलाई को एक नया रूप दे दिया। तलाई का समतलीकरण कराया गया गहरीकरण हुआ और बारिश में तलाई लबालब भर गई।

### जनपद पंचायत क्षेत्र में थी राम तलाई

समिति के सदस्य और वार्ड के पूर्व पार्षद प्रतिनिधि हरिश एशिया ने बताया कि राम तलाई मानस जनपद पंचायत के क्षेत्र में आती थी। तत्कालीन अधिकारियों के सहयोग से तलाई को नगर परिषद मनासा के अधिकार क्षेत्र में लिया गया और सौंदर्य करण की योजनाओं को अमली जामा पहनाया गया। तत्कालीन एसडीएम नेहा भारती और प्रशासन के अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों का भी इसमें सहयोग मिला।

### अब शुद्ध पानी में स्नान करते हैं देवता

सालों से डोल ग्यारस पर राम तलाई में गंदे पानी में ही देव प्रतिमाओं को स्नान कराया जाता था। 2014 में राम तलाई शुद्धिकरण समिति के प्रयास से हुए तलाई की शुद्धिकरण के बाद अब देवी देवताओं की प्रतिमाओं को शुद्ध पानी में स्नान कराया जाता है। डोल ग्यारस पर हर साल नगर परिषद विशेष व्यवस्थाएं करती है और मेले का आयोजन भी होता है। सालों तक अपेक्षा झेलने वाली राम तलाई आज मनासा का गौरव बन चुकी है। राम तलाई शुद्धिकरण समिति के प्रयास रंग लाई हैं ।

## 12 अक्टूबर को नीमच में होगा दूसरा अज़ीमुश्शान इज्तिमाई शादी सम्मेलन

- कमेटी ने सभी लोगों से तशरीफ लाकर नवविवाहित जोड़ों को दुआओं से नवाजने की अपील की

**नीमच। ख्वाजा ए हिन्द के दरबार की रहमतों के साये में, शेख, सैय्यद, पठान कमेटी, जिला नीमच की सरपरस्ती में दूसरा अज़ीमुश्शान इज्तिमाई शादी सम्मेलन (सामूहिक विवाह समारोह) का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 12 अक्टूबर 2025, दिन रविवार को गांधी वाटिका परिसर, नीमच में आयोजित होगा।**

कार्यक्रम का आगाज़ सुबह 10 बजे से होगा, जबकि निकाह का वक्त सुबह 11 बजे तय किया गया है। इसके बाद दावत-ए-आम रखी गई है। बिदाई की रस्म नमाज़-ए-जौहर के बाद संपन्न होगी।

कमेटी ने जिलेवासियों, सामाजिक संगठनों एवं समुदाय के सभी लोगों से इस पुरनूर मौके पर तशरीफ लाकर नवविवाहित जोड़ों को दुआओं से नवाज़ने की अपील की है। कार्यक्रम का आयोजन जिला शेख, सैय्यद, पठान इज्तिमाई शादी (सम्मेलन) कमेटी, नीमच (म.प्र.) द्वारा किया जा रहा है।

## नीमच में बस ने बाइक सवार मजदूर को टक्कर मारी

- सिर में लगी चोट, रतलाम से सोयाबीन काटने आया था



**नीमच। बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मजदूर टक्कर के बाद सड़क पर दूर जा गिरा, जिससे उसे सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल को जिला अस्पताल नीमच लाया गया। घायल युवक की हालत गंभीर है।**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे महू-नीमच हाईवे पर हुई है। मंदसौर की ओर जा रही बस (क्रमांक स्ब्क14 ̕क्क 7277) ने बुलेट शोरूम के पास सामने से जा रहे बाइक सवार को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर के बाद बस चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घायल राकेश पिता गौतम (35) गांव चाकड़ तहसील सैलाना रतलाम जिले का रहने वाला है। वह नीमच में सोयाबीन काटने की मजदूरी के काम से पिपलिया बाघ आया था और हादसे के वक्त कुछ सामान लेने जा रहा था। पुलिस ने बस को जब्त कर थाने में खड़ा किया है। स्थानीय लोगों ने हादसे वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर बस और चालक की पहचान करने की मांग की है।

## डोडाचूरा तस्करी में मुख्य सूत्रधार का नाम गायब

**पिपलियामण्डी। नारायणगढ़ थाना क्षेत्र में टाटा हेरियर कार से 2 क्विंटल 86 किलो डोडाचूरा बरामदगी का मामला अब जांच की पारदर्शिता को लेकर चर्चा में है। राजस्थान के जालोर व बाड़मेर निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार कर दो दिन के रिमाण्ड पर पूछताछ के बाद भी पुलिस एफआईआर में इस नेटवर्क के मुख्य सूत्रधारों के नाम शामिल नहीं कर पाई।**



गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में करड़ा निवासी राकेश गोदारा, ललित गोदारा और दिनेश विश्नोई के नाम लिए, जिन्हें फरार बताया गया। तकनीकी जांच (कॉल डिटेल, लोकेशन, आरटीओ रिकॉर्ड आदि) के बावजूद डोडाचूरा की आपूर्ति श्रृंखला और आदेश देने वाले नेटवर्क का खुलासा नहीं हो सका। इससे सामाजिक संगठनों व नागरिकों में यह धारणा बनी है कि जांच में बड़े नामों को बचाने की कोशिश हो रही है। कुछ समय पूर्व बालागुड़ा प्रकरण में भी मजदूरों को आरोपी बनाया गया था जबकि मुख्य आरोपी राजनीतिक संरक्षण में खुले घूम रहे थे। विशेषज्ञों का कहना है कि केवल वाहकों को पकड़ने से नेटवर्क खत्म नहीं होगा; सप्लाई के हब, वित्तीय लेन-देन और संरक्षकों तक जांच जरूरी है। नागरिक समूहों ने पारदर्शी जांच और एफआईआर में शीर्ष कड़ियों को शामिल करने की मांग की है।

इस घटना ने नशा तस्करी के बढ़ते नेटवर्क और पुलिस की जांच पद्धति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोग चेतावनी दे रहे हैं कि अगर जड़ तक नहीं पहुँचा गया तो यह अवैध व्यापार युवाओं और समाज के लिए बड़ा खतरा बनता रहेगा।

## कांग्रेस का किसान विरोधी चेहरा एक बार फिर सबसे सामने आया : धीरज पाटीदार

**मंदसौर। 65 वर्षों तक जिस कांग्रेस ने किसानों के साथ धोखा किया। बड़े-बड़े वादे किए, लेकिन धरातल पर कुछ नहीं किया। बिजली, सिंचाई, अच्छे बीज और खाद के लिए किसान तड़पते रहे, मारे गए, और कांग्रेस ने उनकी लाशों पर राजनीति की। आज वहीं कांग्रेस भाजपा के राज में खुशहाल किसान को हजम नहीं कर पा रही है।**



उक्त बात कहते हुए भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार ने कहा कि आज भी कांग्रेस वही पाखंड दोहरा रही है। किसानों के कल्याण की बातें करती है, लेकिन हकीकत कुछ और है। जबकि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किसानों के लिए जो काम किए हैं, वह अद्वितीय हैं। श्री पाटीदार ने कहा कि आज के इंटरनेट युग में सारे आंकड़े उपलब्ध हैं। कांग्रेस की सरकारों में किसान कल्याण के लिए कितना बजट होता था और आज भाजपा सरकार में कितना बजट दिया जाता है, यह किसी से छुपा नहीं है। कांग्रेस अपनी उपलब्धियां गिनाने के बजाय मुखौटा पहनकर किसानों को धोखा देने की कोशिश कर रही है। लेकिन जनता अब जागरूक है और कांग्रेस को जवाब देने के लिए तैयार है।

### भाजपा सरकार की किसान हितैषी योजनाएं

श्री पाटीदार ने कहा कि गांधी सागर बांध से एक बूंद पानी भी कांग्रेस की सरकारों ने किसानों को नहीं दिया। लेकिन भाजपा सरकार ने 50000 करोड़ की योजनाएं चलाकर हर किसान के खेत तक पानी पहुंचाने का काम किया है। सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं से किसान को बहुत लाभ हुआ है आज यदि कम बारिश भी होती है तो क्षेत्र के किसान इन सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से वर्ष में तीन फसलें ले रहे है भाजपा ने किसान की आय दुगुना करने का अपना वादा पूरा किया है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी चौहान ने सेपरेट फिटर योजना के माध्यम से बिजली देकर अंधकार दूर किया।

**एक नजर** नन्हें बच्चों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए संस्था ने विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया

## संस्था बीआर फाउंडेशन की अनूठी पहल प्रकृति को समर्पित-नन्हे हाथों में पर्यावरण

**गांधी सागर/मंदसौर। मध्यप्रदेश की सामाजिक संस्था बी.आर. फाउंडेशन जो कि विगत 6 सालों से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पर्यावरण सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही है। हाल ही में संस्था ने अपने 6वें स्थापना दिवस पर पर्यावरण के क्षेत्र में एक और पहल करते हुए।**




नन्हे बच्चों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़न के मक़सद से "नन्हे हाथों में पर्यावरण" अभियान की शुरूवात की जिसका असर अब दिखने लगा है। मंगलवार को संस्था ने गांधी सागर स्थित श्री संस्कार पब्लिक स्कूल में जाकर बच्चों के साथ पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें पर्यावरण संरक्षण पोस्टर प्रतियोगिता साथ ही प्लास्टिक मुक्त भारत इको फ्रेंडली बैक बनना और उसकी उपयोगिता वही वन्यजीव पक्षियों का संरक्षण करवाना, साथ ही वृक्षारोपण किया गया, तथा बच्चों को सीड बॉल(बीज बॉल) बनाना सिखाया व उसकी उपयोगिता विधि बताई। जल संरक्षण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। वहीं कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले छात्र -छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

संस्था के संस्थापक कृष्ण परिहार द्वारा बताया गया बच्चों को बाल्यावस्था से ही पर्यावरण के प्रति जागरूक करेंगे तो वो जीवन भर प्रकृति का सम्मान करेंगे। इससे समाज में बहुत बदलाव आएगा। क्योंकि बच्चे अपने माता-पिता और परिवार को भी प्रेरित करेंगे। जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा। संस्था का लक्ष्य वर्ष भर में 5 हजार नन्हे हाथों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ना। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय संचालक दुर्गेश मीणा, नीमच जिला अध्यक्ष समीर मंसूरी, संगठन मंत्री प्रकाश बामनिया, भानपुरा तह. अध्यक्ष आशीष आर्य, रामपुरा तह. अध्यक्ष नितिन घावरी, मनासा तह. अध्यक्ष मनोज राव, रामपुरा तह. उपाध्यक्ष विष्णु मालवीय, कोषाध्यक्ष दीपांशु झाब, सहसचिव यशवंत रेंगर, मीडिया प्रभारी प्रहलाद आदी विद्यालय स्टाप एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।